WWW.LIVELAW.IN

# प्रेस रिलीज

माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों में दिये गये सामाजिक दायित्वों संबंधी आदेश जैसे कि वृक्षारोपण, अस्पतालों में स्वयंसेवक के रूप में सेवायें देना व जल संरक्षण इत्यादि की मोबाइल ऐप द्वारा निगरानी सुनिश्चित कराने हेतु NISARG Smart Monitoring App (निसर्ग निगरानी ऐप) का माननीय मुख्य न्यायाधिपति श्री रवि मलिमठ द्वारा, माननीय न्यायामूर्ति श्री रोहित आर्या, प्रशासनिक न्यायाधिपति, खण्डपीठ ग्वालियर सहित तीनों खण्डपीठों के माननीय न्यायाधीशगणों की उपस्थिति में ई–इनोगरेशन किया गया। इस एप का निर्माण माननीय न्यायामूर्ति श्री शील नागू महोदय एवं माननीय न्यायामूर्ति श्री आनंद पाठक महोदय की देखरेख एवं दिशा निर्देशों के अंर्तगत में किया गया। यह ऐप जियो फेंसिंग तकनीकी के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगा कि याचिकाकर्ता द्वारा किये गये वृक्षारोपण इत्यादि की फोटो ऐप पर अपलोड करते समय उसका अक्षांश व देशांत चिहिंत किया जायेगा जिससे आगे वह उसी स्थान पर लगे उन्हीं वृक्षों के विकास की रिपोर्ट प्रेषित कर सकेंगा।

उपरोक्त एप के निर्माण में उच्च न्यायालय की आई.टी. टीम के श्री अभिषेक गौर, ओ.एस.डी. कम्प्यूटर एवं श्री एफ. एच. काजी, सेन्ट्रल प्रोजेक्ट को–ऑर्डीनेटर का विशेष सहयोग रहा।

इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल श्री आर.के. वाणी, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री विमल प्रकाश शुक्ला व रजिस्ट्रार. श्री हितेन्द्र द्विवेदी उपस्थित रहें एवं बार एसोसिऐशन के पदाधिकारीगण वर्चुअली उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के अंत में माननीय न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया द्वारा आभार प्रकट किया गया।

सनद् रहें पिछले कई वर्षो से उच्च न्यायालय म.प्र. खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा क्षेत्र में हरियाली एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हेतु निरंतर प्रयास किये गये है।